# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे “मिशन शक्ति अभियान-4” के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/‘‘शक्ति दीदी’’ द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

“मिशन शक्ति अभियान-4” व ‘‘शक्ति दीदी’’ अभियान के तहत आज दिनांक 26.01.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को “मिशन शक्ति” व ‘‘शक्ति दीदी’’ के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 26.01.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में चित्रकूट पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार के दृष्टिगत शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

**(3).** आज दिनांक 26.01.2025 को पुलिस लाइन्स चित्रकूट में 76वां गणतन्त्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी महोदय जनपद चित्रकूट श्री शिवशरणप्पा जीएन रहे। । सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा परेड की सलामी ली गयी। मुख्य अतिथि महोदय द्वारा राष्ट्रीय ध्वज का ध्वाजारोहण किया गया तथा परेड द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गयी एवं राष्ट्रीय गान का वादन किया गया। मुख्य अतिथि महोदय तथा पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया, इसके बाद परेड हर्ष फायर करने के उपरान्त मार्च पास्ट करते हुये मंच के सामने से गुजरी। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में शामिल जवानों एवं उपस्थित सभी अधिकारी/कर्मचारीगण को शपथ दिलायी गयी। क्षेत्राधिकारी नगर/लाइन्स श्री राज कमल द्वारा परेड की प्रथम कमाण्ड की गयी, सेकेण्ड कमाण्ड निरीक्षक श्री लाखन सिंह कोतवली कर्वी तथा थर्ड कमाण्ड उ0नि0 एपी श्री राम सिंह रहे।

तत्पश्चात मुख्य अतिथि महोदय द्वारा सम्बोधित करते हुये मंच पर मंचाशीन जनपद न्यायाधीश, पुलिस अधीक्षक चित्रकूट,मुख्य विकास अधिकारी, समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण, पत्रकार बन्धुओं एवं जनपद चित्रकूट के समस्त नागरिकों को 76वें गणतंत्र दिवस की शुभकानाएं देते हुये कहा गया कि हमारा संविधान आज ही के दिन 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ था। इस संविधान के माध्यम में देश एवं हमारी काननू व्यवस्था इसी के अनुरुप चल रही है, आज भारत एक लोकतांत्रिक गणराज्य के रुप में खड़ा है तो यह हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के समर्पण एवं बलिदान के प्रतिफल है। हमारा संविधान सदैव आशा की किरण है और न्याय,स्वतंत्रता,भाईचारे का प्रतीक है, जो अतीत की चुनौतियों से हमारा मार्गदर्शन करता है एवं हमारे भविष्य को आकार देने का काम करता है। हमें यह भी याद रखना चाहिये कि गणतंत्र दिवस केवल परेड और समारोह के बारे में नहीं है यह इस महान देश के नागरिक के रुप में अपने कर्तव्यों के बारे में सोचने का शुभ दिन है, हमें एक-दूसरे का सम्मान करना और अपने आस-पास सफाई रखना चाहिये और अपने देश को गौर्वान्वित रखना चाहिये।

तत्पश्चात मुख्य अतिथि महोदय ने परेड के सभी कमाण्डरों का परिचय लिया एवं बेहतरीन परेड के लिये सभी की भूरी-भूरी सराहना की तथा मुख्य अतिथि महोदय द्वारा पुलिस मुख्यालय लखनऊ से सम्मानित निरीक्षक नागरिक पुलिस श्री दुर्गविजय सिंह एवं मुख्य आरक्षी चालक श्री देवीदीन को उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र तथा महिला आरक्षी श्रीमती विष्णु प्रिया,आरक्षी ना0पु0 उत्तम सिंह,आरक्षी ना0पु0 श्री हरेन्द्र कुमार यादव को प्रशंसा चिन्ह गोल्ड एवं प्रशस्ति-पत्र, उ0नि0 नागरिक पुलिस श्री पंकज तिवारी थानाध्यक्ष बरगढ़,उ0नि0ना0पु0 श्री सत्यमपति त्रिपाठी चौकी प्रभारी खोह, आरक्षी ना0पु0 श्री श्यामू को प्रसंशा चिन्ह सिल्वर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में जनपद के लोगों तक कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने वाले निरीक्षक श्री प्रदीप कुमार यादव प्रभारी आईजीआरएस/चुनाव सेल, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह,प्रभारी निरीक्षक श्री मनोज कुमार चौधरी ,प्रभारी स्वाट/सर्विलांस सेल श्री महावीर प्रसाद त्रिपाठी,प्रभारी निरीक्षक अपराध शाखा श्री अजीत कुमार पाण्डेय सहित 04 उपनिरीक्षक,04 मुख्य आरक्षी 11आरक्षी/महिला आरक्षी 02 अनुचर को मुख्य अतिथि महोदय द्वारा प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा मुख्य अतिथि महोदय जिलाधिकारी चित्रकूट,जनपद न्यायाधीश एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदया को मोमेन्टो/स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि महोदय द्वारा परेड में शामिल आरक्षी नागरिक पुलिस की टोली नं0-03 परेड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये प्रथम स्थान, महिला आरक्षी नागरिक पुलिस की टोली नं0-05 को द्वितीय स्थान एवं टोली नं0-08 अखण्ड हिन्द फौज को तृतीय स्थान को शील्ड देकर पुरुष्कृत किया गया।

तत्पश्चात विभिन्न विद्यालयों से आये छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति गीतों पर शानदार,मनमोहक प्रस्तुतियां दी, जिसके लिये सभी विद्यालय के छात्र/छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र तथा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा पुलिस लाइन्स परेड ग्राउण्ड में इस पावन बेला में उपस्थित होकर जवानों का उत्साहवर्धन करने के लिये मुख्य अतिथि महोदय, समस्त अधिकारीगण, पत्रकार बन्धुओं, विद्यायल प्रबंधन, पुलिस परिवार के सदस्यों एवं जनपद चित्रकूट के गणमान्य नागरिकों को धन्यवाद दिया गया। परेड एवं परेड ग्राउड की साज-सज्जा में मेहनत करने के लिये क्षेत्राधिकारी नगर/लाइन्स श्री राज कमल, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवनारायण, एवं अन्य समस्त पुलिस कर्मियों की सराहना की गयी।

गणतंत्र दिवस समारोह में जनपद न्यायाधीश श्री राकेश कुमार त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी सुश्री अमृतपाल कौर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री भूपेश द्विवेदी,जिला वन अधिकारी श्री प्रत्युष कटियार, अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी मऊ श्री यामीन अहमद, क्षेत्राधिकारी प्रज्ञान श्री अजेय कुमार शर्मा, क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री जयकरन सिंह. राजस्व एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण तथा सम्मानित नागरिकों द्वारा परेड ग्राउण्ड में उपस्थित होकर परेड का उत्साहवर्धन किया।

अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा पुलिस कार्यालय में तथा जनपद के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा अपने थाना/चौकियों में ध्वजारोहण कर तिरंगे झण्डे को सलामी दी गयी।

(4).पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण/बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट चित्रकूट पुलिस ने 02 अभियुक्तों को 22 क्वार्टर व 10 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

(i). उ0नि0 श्री अनिल कुमार चौकी प्रभारी सीतापुर थाना कोतवाली कर्वी मय हमराह आरक्षी अजय कुमार पटेल, आरक्षी अमर सिंह द्वारा अभियुक्त आशीष निषाद पुत्र स्व0 गौरीशंकर निवासी कपसेठी चौकी सीतापुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को 15 लीटर अवैध शराब महुआ देशी के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

(ii). उ0नि0 श्याम देव सिंह चौकी प्रभारी गल्ला मंडी थाना कोतवाली कर्वी मय हमराह आरक्षी शिवपूजन यादव द्वारा अभियुक्त नकुल सिंह पटेल पुत्र सूरज पाल निवासी छिपनी बाहरखेडा थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

(5). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान क्रम में चौकी प्रभारी सीतापुर में उ0नि0 श्री अनिल कुमार गुप्ता तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त प्रिन्शु सोनी पुत्र गोरेलाल सोनी निवासी बबेरु रोड थाना बबेरु जनपद बांद को 06 अदद देशी बम के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में विस्फोट पदार्थ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

बरामदगीः-

06 अदद देशी बम

गिरफ्तारी करने वाली टीमः-

1. चौकी प्रभारी सीतापुर उ0नि0 अनिल कुमार गुप्ता
2. आरक्षी रविन्द्र कुमार
3. आरक्षी अमर सिंह
4. आरक्षी अनुज यादव